यूपी में आठ कंपनियों को उद्योग लगाने की मंजूरी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। राज्य सरकार ने आठ कंपनियों को 2660.33 करोड़ रुपये की लागत से उद्योग लगाने की मंजूरी दे दी है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को हुई इंपावर्ड कमेटी की बैठक में लेटर ऑफ कंफर्ट देने की मंजूरी दी। इससे 2725 लोगों को रोजगार मिलेगा।

मेसर्स बीकानेरवाला फूड्स प्रालि. गौतमबुद्धनगर में 351 करोड़ रुपये, मेसर्स एवरी डेनिसन (इंडिया) प्रालि. द्वारा गौतमबुद्धनगर में 252.97 करोड़ रुपये और मेसर्स राजश्री फाइन केमिकल्स शाहजहांपुर में 259.01 करोड़ रुपये की लागत से उद्योग लगाएगी। मेसर्स स्पर्श इंडस्ट्रीज प्रालि. कानपुर देहात में 533.99 करोड़ रुपये, मेसर्स अल्ट्राटेक लिमिटेड सोनभद्र में 528.26 करोड़ रुपये की लागत का उद्योग लगाएगी।